







# मऊगंज में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## करोड़ों की ड्रग्स और केमिकल जब्त, किराए के घर पर चल रहा था काम, पुलिस ने किया खुलासा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, रीवा जोन में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिझौली गांव में पुलिस ने कथित एमडी ड्रग्स निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. कार्रवाई में करोड़ों रुपये की संदिग्ध एमडी ड्रग्स, केमिकल, एसिड, ड्रग्स बनाने के उपकरण और एक लग्जरी फोर-व्हीलर वाहन जब्त किया गया है. पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

यह कार्रवाई रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत के निर्देशन में, मऊगंज एसपी एस.के. जैन और एसडीओपी सची पाठक के नेतृत्व में की गई. प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि यहां तैयार होने वाली एमडी ड्रग्स की सप्लाई रीवा के रास्ते मुंबई तक की जाती थी. फिलहाल पुलिस



पूरे नेटवर्क, सप्लाई चेन और इस कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है. रविवार की दोपहर आईजी गौरव राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली थी जिसके बाद मऊगंज एसपी ने खुद पुलिस बल के साथ छापामार कार्यवाही की. पुलिस जब आरोपियों की निशानदेही पर घर के अंदर घुसी तो नशे का कारखाना देख होश उड़ गए, जिसके बाद आगे की कार्यवाही शुरू की गई.

एसपी सुरेन्द्र जैन ने पूरे मामले का खुलासा किया. कार्यवाही के दौरान 360 ग्राम संदिग्ध एमडी ड्रग्स, हीटर, जनरेटर, तापमान मापने वाली मशीन, केमिकल, मशीने सहित लग्जरी गाडी समेत 1.28 करोड़ रूपये का सामान जप्त किया गया है. पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है, जिसमें चंदन सिंह निवासी ग्राम सोनवर्षा थाना गढ, अशोक गुप्ता निवासी वार्ड 12 लालगांव थाना गढ, पीकचन्द्र यादव पिता रोशनलाल यादव निवासी ग्राम सोनवर्षा थाना गढ और रिषभ सेन निवासी सुकुलगवां थाना गोविंदगढ शामिल है.

### सरगना पहले मुम्बई में करता था काम

पुलिस नें बताया कि पकड़ी गई इस गैंग का सरगना पहले मुम्बई में कैमिकल बनाने की फैक्ट्री में काम करता था, जहां से उसने डग्स बनाने का तरीका सीखा और अपने साथी के साथ मुम्बई में ड्राग्स बनाकर सप्लाई का काम करने लगा था .हालाकि मुम्बई में पुलिस की कार्यवाही में साथी के पकडे जाने के बाद आरोपी भागकर अपने गांव आया और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसने मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र में एक मकान किराए पर लेकर ड्रग्स बनाकर उसे मुम्बई में सप्लाई करने लगा. फिलहाल पुलिस नें एक साथ पूरी गैंग को पकड लिया है और अब इस ड्रैग्स फैक्टी से जुडी चेन का पता लगाने का प्रयास कर रही है. वहीं शाहपुर थाने मे आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबदध कर कार्यवाही की जा रही है.

# सुपर अस्पताल में बिना चीरा और टांका के ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, रीवा का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल न केवल अपनी हार्ट सर्जरी, जटिल प्रोसीजर और सफल किडनी ट्रांसप्लांट के लिए प्रदेश भर में अव्वल दर्जा हासिल कर चुका है वही जटिलतम न्यूरोसर्जरी के मामले में भी बड़े शहरों को काफी पीछे छोड़ चुका है.**

रीवा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ रंजीत झा एवं डॉ ऋषि गर्ग ने इंडोस्कोपिक दूरबीन पद्धति से मरीज के ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया और ऑपरेशन बाद मरीज पूरी तरह खतरे के बाहर बताया जा रहा है. इस सर्जरी की खास बात यह है कि डॉक्टरों द्वारा बिना चीर फाड़ के ब्रेन ट्यूमर को निकाला गया और लगातार चार घंटे की जटिल प्रक्रिया से गुजरते हुए डॉक्टरों ने मरीज की जान बचाने में सफलता अर्जित की. डॉक्टर की माने तो 66 वर्षीय महिला मरीज प्रेमवती यादव को परिजनों द्वारा संजय गांधी अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में उपचार के लिए लाया गया था. जिसमें हार्मोन्स के चलते पुरुषों जैसे शरीर में बदलाव हों रहा था. चेहरे में सूजन, उंगलियों का पुरुषों जैसे दिखना, मूंछे निकलना जैसी चीजें देखने को मिल रही थी. ऐसे में मरीज की आवश्यक जांच करवाई गई जिसमें पिट्यूटरी ग्लैंड में ट्यूमर का पता चला. ट्यूमर को बिना सिर पर कोई चीरा लगाए केवल नाक के रास्ते पूरी तरह से निकाल दिया गया. यह उपलब्धि पूरे विंध्य क्षेत्र के चिकित्सा जगत के लिये एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. डॉ रंजीत झा के नेतृत्व में मरीज का एंडोस्कोपिक दूरबीन पद्धति से सर्जरी की गई. स्टाफ का सहयोग रहा.

## संक्षिप्त

### संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक कल


**रीवा,** अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 8 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी करेंगे. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### श्री विधि से धान की रोपाई किसानों के लिये वरदान

**रीवा,** जिले में काफी बड़े क्षेत्र में धान की खेती की जाती है. अधिकतर किसान रोपा विधि से धान लगाते हैं. इसकी तुलना में मेडागास्कर विधि जिसे एस.आर.आई. श्री विधि कहा जाता है, से धान लगाना अधिक लाभकारी है. इसमें कम पानी, कम बीज और बिना खरपतवार के धान का अच्छा उत्पादन होता है. परम्परागत विधि से किसान को प्रति हेक्टेयर 20 से 25 क्विंटल धान की उपज मिलती है. इसकी तुलना में श्री विधि से धान लगाने पर प्रति हेक्टेयर 35 से 50 क्विंटल धान का उत्पादन होता है. उप संचालक यूपी बागरी कृषि ने किसानों से धान रोपण के लिये श्री विधि अपनाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों के लिये वरदान है. उप संचालक यूपी बागरी ने बताया कि श्री विधि से प्रति हेक्टेयर केवल 6 से 8 किलो बीज की जरूरत होती है. इसे विशेष तरह की प्लेट अथवा पॉलीथीन में नर्सरी लगाकर तैयार किया जाता है.

### पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक कल

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक 8 जुलाई को 12 बजे दोपहर से संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में आयोजित की गई है. बैठक की जानकारी एसोसियेशन के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने दी है.



### स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें

**रीवा,** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग में सुधार करें. सभी विभाग 10 जुलाई तक कम से कम 80 वेटेज स्कोर प्राप्त करें. राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम, सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग तथा पीएचई आवेदन पत्रों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. इसी तरह जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का 7 दिन की समय सीमा में निराकरण करके ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं. समय पर आवेदनों में कार्यवाही न करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा. कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े विभागों के अधिकारी योजनाओं के लक्ष्यों के अनुसार 125 प्रतिशत प्रकरण 31 अगस्त तक बैंकों में शत-प्रतिशत दर्ज कराएं. बैंकों से नियमित संपर्क करके इनका सितम्बर माह में निराकरण कराकर सभी योजनाओं में 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराएं. अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं. सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रकरण बैंक में दर्ज करें. अग्रणी बैंक प्रबंधक 15 दिन की समय सीमा में ऋण प्रकरणों का निराकरण कराएं.

### जमीन विवाद पर चले लाठी-डंडे

**रीवा,** रीवा में एक ही परिवार के दो पक्षों में चल रहा जमीनी विवाद आज खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया. एक पक्ष नें जमीनी विवाद में बाहरी गुण्डों को बुला लिया जिससे निर्मित हुई विवाद की स्थिति में बाहरी गुण्डों ने युवक को खेत में दौडाकर चाकू से ताबडतोड हमला कर दिया. फिलहाल इस खूनी संघर्ष से पहले का वीडियो भी सामने आया है जिसमें बाहरी गुण्डे हथियार से लैस नजर आ रहे है और अधिकांश नें चेहरे को नकाब से ढक रखा है. दरअसल मामला जिले के गढ थाना क्षेत्र गंभीरपुर का है जहां शर्मा परिवार के दो पक्षों में चल रहा जमीनी विवाद आज खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया. घटना के संबंध में घायल पुष्पेंद्र शर्मा के भाई नें जानकारी देते हुये बताया कि पुष्पेंद्र खेत की बाडी काट रहे थे, तभी पडोस में रहने वाले परिवार ने विवाद करना शुरु कर दिया और पूर्व से योजना बनाकर बाहर से गुण्डे बुलाकर उनके उपर प्राणघातक हमला कर दिया. पीडित की माने तो हमलावर 15 से 20 की संख्या में थे जो लाठी डंडों के साथ कटटे व चाकू जैसे हथियार से लेस थे. फिलहाल चाकू के हमले से घायल पुस्पेन्द्र शर्मा को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

# श्रमिक की मौत के मामले में कम्पनी ने रखा अपना पक्ष

- कम्पनी ने कहा कि घायल श्रमिक को जबलपुर के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई. डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड अपने रीवा (मध्य प्रदेश) स्थित संयंत्र में हुई एक दुर्घटना के संबंध में तथ्य स्पष्ट करते हुए बताया कि श्रमिक को बचाने के लिए प्रबंधन ने कई प्रयास किए हैं.**

जारी पक्ष में 4 जुलाई को सुबह कंपनी में संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) पर कार्यरत कर्मचारी श्री अनिल सोनी संयंत्र के रॉ मिल यूनिट-1 में हुई एक घटना में घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस से कंपनी के अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें उन्नत उपचार के लिए जबलपुर के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार प्रारम्भ हो चुका है तथा वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर है।

कंपनी इस पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और घायल कर्मचारी तथा उनके परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है। साथ ही उनके इलाज और जल्द स्वस्थ होने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

कंपनी अपने सभी संयंत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए सर्वोच्च मानकों का पालन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### कलेक्टर आज करेंगे स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी कलेक्ट्रेट सभागार में 7 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित बैठक में स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे. बैठक में उद्योग, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामोद्योग, पशुपालन विभाग, मछलीपालन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति, नगरीय प्रशासन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग की रोजगारमूलक योजनाओं की समीक्षा की जाएगी. महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र जेपी तिवारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक से अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.



# मुखर्जी की दूरदृष्टि के कारण बंगाल भारत में है : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में विचार गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने किया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह रही. कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनके विचारों एवं बलिदान पर प्रकाश डाला गया. त्योथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने अपने विचार रखे. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया. उन्होने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूरदृष्टा नेता थे, उनकी दूरदृष्टि के कारण आज का पश्चिम बंगाल भारत में बना रहा. आजादी के बाद पाकिस्तान तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लिए गलियारा मांगकर भारत के फिर टुकड़े करने की योजना में था. डॉ. मुखर्जी ने पाकिस्तान में हुई बातचीत में देश के अंदर से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लिए गलियारा देने से मना कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बंटे रहने के लिए मजबूर किया, यह उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है. गोष्ठी में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे.

# पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप सोहगौरा का निधन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रदीप सोहगौरा का दु:खद निधन हो गया. श्री सोहगौरा को अचानक बीमार होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहा उन्होने अंतिम सांस ली.**

श्री सोहगौरा लम्बे समय तक कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रहे और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भी रहे. लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव के दौरान कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गये थे.



बेबाक और अपनी बात को पूरी दमदारी के साथ रखते थे. निधन की खबर मिलते ही सेमरिया क्षेत्र में लोग उनके निवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की. अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया. जहा लोगो ने नम आंखों से विदाई दी. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप सोहगौरा के दुखद निधन पर उनके गृह ग्राम कपसा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि ईश्वर शोकाकुल परिवारजनों एवं उनके शुभचिंतकों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करे.

### निलंबित उपयंत्री का धरना

**रीवा, 6 जुलाई,** रीवा संभाग के नगरीय प्रशासन एवं विकाश विभाग के तत्कालीन उपयंत्री ने जीवन निर्वाह भत्ता ना मिलने और बिना किसी आरोप निलंबन की कार्यवाही से परेशान होकर एक बार फिर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर है. उक्त समस्या को लेकर बीते 15 महीनो से भटक रहे तत्कालीन उपयंत्री राजेश प्रताप सिंह ने पूर्व में परिवार का गुजारा करने के लिये विरोध स्वरूप भीख मांगकर अपना विरोध दर्ज कराया था और अब उन्होंने संभागीय कार्यालय के सामने धरना दे दिया है.

# आशा कार्यकर्ताओं ने वेतन के लिए किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों का वेतन एवं प्रोत्साहन राशि सम्बन्धी समस्याओं का तत्काल निराकरण किये जाने सीटू द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया.**

संगठन द्वारा सौपे गये ज्ञापन में सभी प्रकार के वेतन संबंधी भुगतान माह की पांच तारीख तक बिना किसी कटौती के नियमित रूप से करने, प्रोत्साहन राशि में



की जा रही अनुचित कटौती पर तत्काल रोक लगाने, प्रत्येक आशा एवं पर्यवेक्षकों को उनके भुगतान की पारदर्शी वेतन पर्ची दिये जाने, आशा कर्मियों से गैर विभागीय काम न कराने, शासकीय चिकित्सालयों के निजीकरण पर रोक लगाने, जिन गांवो में आशा के पद रिक्त हैं वहां पर तत्काल नियुक्त करने, सीटू के जिला सचिव अमित सोहगौरा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख मैदानी कार्यकर्ता होने के वावजूद आशा कर्मियो के साथ सरकार का व्यवहार पूरी तरह संबेदनहीन है न तो समय पर वेतन दिया जाता और न ही अन्य कर्मचारियों की तरह किसी प्रकार की कोई सामाजिक सुरक्षा ही मिलती है. इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष रंजना द्विवेदी, महासचिव निर्मला सिंह, मंजूशा शुक्ला, रेखा मिश्रा मौजूद रही.

# मुख्य मार्ग से गौवंश वन्य विहार तक बनेगी पीपल की छांव

## पीपल के पौधों का होगा रोपण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार पुर्वा के प्रशासनिक भवन में बैठक कर वन्य विहार की अधोसंरचना निर्माण, प्रबंधन, संचालन और परिसर में हो रही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.**

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती का कार्य प्रधानमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है. इसलिए बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती को और अधिक बढ़ावा देने के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाए और इस कार्य में निरंतरता बनाए रखी जाए. उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन्य विहार परिसर में उत्पादित होने वाली प्राकृतिक सब्जियां, मूंग, चावल और गेहूं सहित सभी प्रकार की सामग्रियों की उचित ब्रांडिंग की जाए और बाजार में इनकी मार्केटिंग कराई जाए. प्राकृतिक खेती के प्रोडक्शन को रफ्तार देने के लिए नियमानुसार प्रोडक्शन मैनेजर और अन्य आवश्यक पदों पर सही तरीके से



भर्ती प्रक्रिया कराई जाए. बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री ने समिति बनाने के निर्देश दिए, जिसमें शासकीय और अशासकीय दोनों प्रकार के सदस्यों को शामिल किए जाने के लिए कहा तथा इस समिति की बैठक हर महीने अनिवार्य रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिए गए. बैठक में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष राजेश यादव आदि मौजूद रहे.

### गौ शेड का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने वन्य विहार परिसर में चल रही विभिन्न गतिविधियों और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने गौमाता के रहने के लिए बनाए गए विभिन्न शेडों का सघन निरीक्षण किया. उन्होंने गौवंश के रख-रखाव और उनके चारे-पानी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पूरे वन्य विहार परिसर में सफाई, स्वच्छता और सुंदरता को हर हाल में बनाए रखा जाए.

### प्राकृतिक खेती फसलों का अवलोकन कर सराहा

**रीवा, 6 जुलाई,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने परिसर में पूर्णत: प्राकृतिक रूप से उगाई गई सब्जियों को देखा. उन्होंने वहां उपजीं लौकी और तरोई जैसी प्राकृतिक सब्जियों की गुणवत्ता की सराहना की. डिप्टी सीएम ने कहा कि बिना रासायनिक खाद के तैयार की जा रही ये सब्जियां सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार परिसर में आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर उन्होंने प्रकृति और जीव संरक्षण को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए सभी से पर्यावरण को सहेजने की अपील की. श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्य मार्ग के मोड़ से लेकर बसामन मामा गौवंश वन्य विहार तक के पूरे रास्ते पर शीघ्र ही पीपल के पेड़ों का वृक्षारोपण कराया जाए. पीपल का पेड़ सर्वाधिक ऑक्सीजन देने और घनी छाया के लिए जाना जाता है, जिससे आने वाले समय में यह पूरा मार्ग हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल नजर आएगा.

# आत्महत्या करने के बाद सड़क पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 जुलाई, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के कोठी में जमीन संबंधी प्रकरण से परेशान व्यक्ति द्वारा सुसाइड किये जाने के बाद परिजनों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया. आरोप है कि कर्ज देने के नाम पर मृतक की जमीन को धोखाधडी कर रजिस्ट्री करा ली गई है, जिससे तंग आकर यह आत्मधाती कदम उठाया गया है.**

फिलहाल आक्रोशित परिजनों ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद कोठी गांव में सड़क को जाम कर दिया है और कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे. निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद जाम खोला गया. परिजनो ने आत्महत्या को लेकर कई लोगो को आरोप लगाया है. साथ ही एक सुसाइड नोट भी पुलिस को दिया है. सुसाइड नोट मृतक के पास से नही बल्कि परिजनों के पास से मिला है. परिजनों का कहना है कि सुखलाल सुसाइड नोट लिखने के बाद फांसी लगाई है. सुसाइड नोट में कुछ लोगो को मौत का जिम्मेदार ठहराया है. जिसमें कुछ नामजद लोगों को मौत का जिम्मेदार ठहराया गया है. दरअसल यह पूरा मामला बिछिया थाना क्षेत्र कोठी गांव का है, जहां रहने वाले सुखलाल साकेत नामक व्यक्ति नें फांसी के फंदे में झूलकर मौत को गले लगा लिया. म्रतक के पुत्र सहित परिजनों ने जमीन संबंधी प्रकरण से परेशान होकर सुसाइड करना बताया है और प्रकरण से जुडे लोगों को मौत का जिम्मेदार ठहराया.

फिलहाल आक्रोशित परिजनों ने शव को सडक पर रखकर कोठी गांव के मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया है और कार्यवाही किये जाने की मांग पर अड़े रहे. बताया गया है कि जमीन का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है. परिजनों के मुताबिक जमीन को लेकर लगातार मृतक को धमकी मिल रही थी और वह पिछले कई दिनों से चिंतित और परेशान था. जाम लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और निष्पक्ष कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और कहा कि जो भी तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही होगी.